Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 16-08-2005

Participants : Tripathi Shri Chandramani

>

Title : Need for proper maintenance of National Highway No. 27 between Suhagi and Charghat.

श्री चन्द्र मणि त्रिपाठी (रीवा) : महोदय, मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र की राट्रीय राजमार्ग संख्या 27 जो कि बहुत ही जीर्णशीर्ण अ वस्था में है, उसकी ओर दिलाना चाहता हूं। उक्त राट्रीय राजमार्ग संख्या 27 सुहागी के आगे और उत्तर प्रदेश के आरंभ होने के पहले चारघाट तक बहुत ही खराब स्थित में है। यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण राजमार्ग है और प्रतिदिन यहां से हजारों की संख्या में वाहनों का आगमन होता है। इस राजमार्ग के दोनों ओर बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाइयां, स्कूल, विद्यालय एवं स्नातक स्तर के विद्यालय हैं, जिस कारण यह मार्ग हमेशा व्यस्त रहता है। इस राजमार्ग के अत्यधिक जीर्णशीर्ण अवस्था में होने के कारण हमेशा दुर्घटना का भय बना रहता है और दुर्घटनाएं होती भी हैं।

अतः मेरा भूतल परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से अनुरोध हे कि इस राजमार्ग क्रमांक 27 के महत्व को देखते हुए इसको तुरंत ठीक कराने हेतु योग्य निर्देश प्रदान करें ताकि इस मार्ग पर चलने वाले लोग दुर्घटना आदि के भय से बच सकें।